# केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली - 110032

सं.सी-27013/01/2014 -हिन्दी 77 दिनांक: 20.04.2018

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 84वीं बैठक के कार्यवृत्त।**

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84वीं बैठक अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 23.03.2018 को "परिवेश भवन" के सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्न है। अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्यों को सूचनार्थ, टिप्पणी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजे जा रहे हैं।

इस संदर्भ में सभी सदस्यों से अनुरोध है कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई करने का कष्ट करें।

20/04/18

**(शीतल प्रसाद)**
**प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)**

**सेवा में,**

..............................................................................

***प्रतिलिपि: सूचनार्थ***

1. उप-निदेशक (राजभाषा), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग़, नई दिल्ली-110003
2. उप-निदेशक (कार्या.), केन्द्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली . 110023
3. महामंत्री, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद,एक्स.वाई. 68, सरोजनी नगर, नई दिल्ली- 23
4. अध्यक्ष के निजी सचिव
5. सदस्य सचिव के निजी सचिव
6. प्रभारी, आई.टी.प्रभाग - कृपया इसे केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट में अपलोड करवाने का

20/4/18

**(शीतल प्रसाद)**
**प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)**

# केन्द्रीय बोर्ड की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 23.03.2018 को आयोजित 84वीं बैठक के कार्यवृत्त

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84वीं बैठक दिनांक 23.03.2018 को पूर्वाह्न 12.00 बजे अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड की अध्यक्षता में परिवेश भवन के द्वितीय तल पर स्थित सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची अनुबंध के रूप में इस कार्यवृत्त के साथ संलग्न है।

श्री शीतल प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय का हार्दिक अभिनंदन किया और इसी के साथ-साथ बैठक में उपस्थित सदस्य सचिव महोदय का भी स्वागत किया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय से बैठक की कार्रवाई शुरू करने की अनुमति मांगी जिसके फलस्वरूप अध्यक्ष महोदय ने बैठक की कार्रवाई शुरू करने की अनुमति प्रदान की। तत्पश्चात बैठक की कार्यसूची के अनुसार मदवार चर्चा शुरू की गई:

**मद सं. 01: पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने समिति को अवगत कराया कि समिति की पिछली बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्यों एवं संबंधितों को उनकी टिप्पणी एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु परिचालित किए गए थे। कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। अत: प्रस्ताव किया गया कि विगत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली जाए। फलस्वरूप प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) की अनुशंसा पर और सभी सदस्यों की सहमति से कार्यवृत्त का अनुमोदन प्राप्त किया गया।

**मद सं. 02: पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि पिछली बैठक में तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों को सुधारने हेतु सभी प्रभाग प्रभारियों से यथा संभव प्रयास करने हेतु अनुरोध किया गया था। इस संबंध में कुछ प्रभागों से दैनिक पत्राचार के प्रारूप प्राप्त हुए जिनका हिन्दी अनुभाग द्वारा अनुवाद करवा दिया गया था।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति संबंधी मद पर अध्यक्ष महोदय ने प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) को निर्देशित किया था कि वह अंशदान संबंधी राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेश प्रस्तुत करें। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय को संबंधित से अवगत कराया।

इसके साथ ही, वाह्य स्रोत से अनुवादक उपलब्ध कराने के संबंध में, भर्ती अनुभाग द्वारा हिन्दी अनुभाग को 01 अनुवादक उपलब्ध करा दिया गया है।

**मद सं. 3: गत तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा।**

समिति को गत तिमाही की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया, जिसमें सभी मदों के आंकड़े प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि रिपोर्ट के लगभग सभी मदों के आंकड़े संतोषजनक है किंतु पत्राचार का प्रतिशत अभी भी राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कम है। राजभाषा के पत्राचार की स्थिति को जानकर अध्यक्ष महोदय ने प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) को निर्देश दिया कि सदस्य सचिव महोदय के साथ चर्चा कर इसे सुधारें और यथासंभव प्रयास करें। इसके साथ ही अध्यक्ष महोदय ने रिपोर्ट में कुछ 'पत्रों के उत्तर अपेक्षित नहीं' के संबंध में पूछा, इस पर प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय को अवगत बताया कि यह तकनीकी प्रकृति के थे और सूचना हेतु प्राप्त हुए थे। अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रभाग प्रभारियों को 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में पत्राचार के लक्ष्यों की प्राप्ति करने हेतु निर्देशित किया।

तत्पश्चात समिति को अवगत कराया गया कि गत तिमाही में केन्द्रीय बोर्ड के 25 कर्मचारियों के लिए 01 पूर्णदिवसीय हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई थी।

- **अनुवर्ती कार्यवाही- सभी प्रभाग प्रभारी एवं हिन्दी अनुभाग**

**मद सं. 4 : केन्द्रीय बोर्ड में प्रकाशित लघु श्रृंखला 'Biological Indicators of water quality in River ganga' और PARIVESH Newsletter, 'Matter-Fine particulate' November, 2016' के हिन्दी में प्रकाशन के संबंध में।**

उक्त विषय के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि हिन्दी अनुभाग द्वारा 'Biological Indicators of water quality in River ganga' और PARIVESH Newsletter, 'Matter-Fine particulate' November, 2016' का हिन्दी अनुवाद किया जा रहा है जिनके द्वारा हिन्दी माध्यम से तकनीकी विषय को पठन योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इन दोनों का हिन्दी अनुवाद करवाकर प्रकाशित किया जा सकता है, जो जन-सामान्य हेतु लाभप्रद होगा। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने अपनी स्वीकृत प्रदान की।

- **अनुवर्ती कार्यवाही- हिन्दी अनुभाग एवं प्रकाशन प्रभाग**

**मद सं. 5 : स्वागत कक्ष के पास एलईडी लगवाने के संबंध में।**

अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि केन्द्रीय बोर्ड के स्वागत कक्ष के पास एक एलईडी लगा हुआ था जिस पर हिन्दी भाषा में 'आज का विचार' और 'प्रशासनिक शब्द एवं उसका अर्थ' दर्शाया जाता था। इसके साथ ही, केन्द्रीय बोर्ड में होने वाली विभिन्न बैठकों एवं आयोजनों से भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया जाता था। इसके अतिरिक्त, वायु गुणवत्ता आंकड़ों को भी प्रदर्शित किया जाता था किन्तु एलईडी खराब होने के कारण हटा दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) ने अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया कि एक एलईडी की खरीद हेतु स्वीकृति प्रदान करें ताकि हिन्दी के प्रचार प्रसार का बढ़ावा मिले एवं कार्यालय की शोभा भी बढ़े। प्रशासनिक अधिकारी(रा.भा.) के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अध्यक्ष महोदय ने एलईडी की खरीद हेतु स्वीकृत प्रदान की।

- **अनुवर्ती कार्यवाही - हिन्दी अनुभाग, सामग्री एवं लेखा अनुभाग**

**मद सं. 6 : सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पद को शीघ्र भरे जाने के संबंध में**

अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद से श्री ओमदास की सेवानिवृत के बाद से पद रिक्त है जिस पर भर्ती अनुभाग द्वारा नियुक्ति की जानी है। इस संबंध में, अध्यक्ष महोदय ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती) को पद भरने से संबंधित की गई कार्रवाही से अवगत कराने को कहा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती) ने अध्यक्ष महोदय को आश्वासन दिया कि एक या दो दिनों के भीतर उक्त पद हेतु विज्ञापन जारी हो जाएगा व छः माह में भर्ती कर दी जाएगी। इस पर अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि भर्ती छः माह से पहले पूरी की जाए।

- **अनुवर्ती कार्यवाही - भर्ती अनुभाग**

**मद सं. 7 : बाह्य स्रोत अनुवाद एजेंसी के बिलों का समय पर भुगतान किए जाने के संबंध में।**

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) द्वारा अध्यंक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि तात्कालिक अनुवाद बाह्य स्रोत एजेंसी से करवाया जाता है एवं एजेंसियों द्वारा समय से कार्य उपलब्ध करवा दिया जाता है। तत्पश्चात बाह्य स्रोत के बिलों के सत्यापन एवं भुगतान में कई बार कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने लेखा प्रभाग के प्रभारी को निर्देश दिया कि हिन्दी अनुभाग को बाह्य स्रोत एजेंसियों के बिलों के भुगतान में यथा संभव सहयोग दें।

- **अनुवर्ती कार्यवाही -सभी प्रभाग प्रभारी एवं लेखा अनुभाग**

**मद सं. 8 : माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा स्वीकृत पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश का अनुपालन।**

अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया है कि हाल ही में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार महामहिम राष्ट्रपति द्वारा विज्ञापनों पर एक निश्चित प्रतिशत धनराशि खर्च किए जाने के स्थान पर अंग्रेजी/क्षेत्रीय भाषा के साथ-साथ हिन्दी में भी विज्ञापन दिए जाने को अनिवार्य किया गया है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रभाग प्रभारियों/जनसंपर्क प्रभारी को निर्देश दिए कि उक्त आदेश का सख्ती से पालन किया जाए।

- **अनुवर्ती कार्यवाही - हिन्दी अनुभाग सभी प्रभाग प्रभारी एवं भर्ती अनुभाग**

**मद सं. 9 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।**

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.) द्वारा अध्यक्ष महोदय के संज्ञान में लाया गया है कि हिन्दी प्रभाग, केन्द्रीय बोर्ड पर्यावरणीय तकनीकी शब्दावली के रूप में एक लघु शब्दावली बनाने की ओर प्रयासरत है, जिसके अंतर्गत हमारे कार्य क्षेत्र अर्थात केवल पर्यावरणीय तकनीकी शब्दों का संकलन किया जाएगा। उक्त पर्यावरणीय तकनीकी लघु शब्दावली निश्चित रूप से हमारे कार्यालय से जुड़े सभी अधिकारियों/कर्मचारियों क लिए उपयोगी रहेगी। अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी प्रभाग के इस प्रयास की सराहना की।

**अंत में अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया गया।**

*********************************